प्रधान महालेखाकार (ले0&ह0) का कार्यालय
बीरचंद पटेल पथ,
पटना, बिहार - 800001

OFFICE OF THE PRINCIPAL ACCOUNTANT GENERAL (A&E),
BIRCHAND PATEL PATH
PATNA, BIHAR - 800001

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

का.आ.सं/ O.o No हिं.अ./ले.एवं ह./37/मु.पत्रा./25-26/ बी-197
दिनांक / Date 27-01-2026

## कार्यालय आदेश/OFFICE ORDER

विषय:- मुख्यालय की हिंदी पत्रिका "लेखापरीक्षा प्रकाश" के 151वें अंक हेतु रचना की मांग के संबंध में ।

Subject:- Regarding the demand of articles for the 151st issue of the headquarters' Hindi magazine "Lekhapariksha Prakash".

इस कार्यालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि मुख्यालय पत्र संख्या 95/रा भा अ/2025/28 दिनांक 16.01.2026 (प्रति संलग्न) का अवलोकन करें। उक्त पत्र के माध्यम से मुख्यालय की हिंदी पत्रिका "लेखापरीक्षा प्रकाश" के 151वें अंक हेतु रचना की मांग की गई है। अतः कार्यालय के सभी कार्मिकों से अनुरोध है कि उपर्युक्त पत्रिका हेतु रचना हिंदी अनुभाग को दिनांक 30.01.2026 तक उपलब्ध कराएँ ताकि रचनाओं को ससमय मुख्यालय प्रेषित किया जा सके।

All officers/employees of this office are informed to refer Headquarters letter no. 95/रा भा अ/2025/28 date 16.01.2026 (copy attached). As per the above mentioned letter, articles have been invited for the 151st issue of the Headquarters' Hindi magazine "Lekha Pariksha Prakash". Therefore, all office personnel are requested to submit their articles for the aforesaid magazine to Hindi Section by 30.01.2026 so that the articles may be forwarded to Headquarters on time.

संलग्नक :- यथोक्त

Enclosure: - As stated.

हस्ता/-

वरिष्ठ उपमहालेखाकार (प्रशासन)

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रतिलिपि अग्रेषित।

1. सभी के परिचालनार्थ ।
2. डाटा मैनेजर (आई.टी.एस.)- इस कार्यालय आदेश की प्रति को कार्यालयीन वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

Digitally signed by SUNIL KUMAR
Date: 27-01-2026 13:51:28

सहायक निदेशक (राजभाषा)

Phone: 0612-2225634 Fax: 0612-2221056 Email: agaebihar@cag.gov.in

पत्रांक: 95/रा भा अ /2025/ 28

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय
9, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग,
नई दिल्ली-110 124

सत्यमेव जयते

OFFICE OF THE COMPTROLLER & AUDITOR GENERAL OF INDIA
9, DEENDAYAL UPADHYAYA MARG,
NEW DELHI - 110 124

दिनांक / DATE 16-01-2026

**सेवा में,**

1. **भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के सभी विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष**
2. **निदेशक (कार्मिक)**

**विषय: कार्यालय की गृह पत्रिका "लेखापरीक्षा प्रकाश" के 151वें अंक हेतु रचनाओं का अनुरोध**

**महोदय,**

गृह पत्रिकाएँ कर्मचारियों को अपनी प्रतिभा दर्शाने का अवसर प्रदान करती हैं और सृजनात्मक क्षमता वाले कार्मिकों को प्रोत्साहित भी करती हैं। कर्मचारियों के लेखों में कई तरह की सूचनाएँ होने से हिन्दी में किए जाने वाले कार्य को अधिकाधिक गति प्राप्त हुई है। इनके माध्यम से कार्यालय में कार्यों की प्रगति की सूचना, गतिविधियों व अन्य योजनाओं इत्यादि के बारे में जानकारी दी जाती है।

पत्रिकाओं के ही माध्यम से हमें अन्य राज्यों की संस्कृति की झलक मिलती है और इस तरह राजभाषा हिन्दी सामासिक संस्कृति की वाहिका के रूप में अपने गुरुतर दायित्व का निर्वहन करती है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक कार्यालय की गृह पत्रिका "लेखापरीक्षा प्रकाश" भी अपने ऐसे ही दायित्व का निर्वाह भली भांति कर रही है। शीघ्र ही पत्रिका के 151वें अंक का प्रकाशन होने वाला है। उसमें प्रकाशन हेतु भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के सभी अधिकारियों / कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे पत्रिका में प्रकाशन हेतु निम्नलिखित दिशानिर्देशों के अनुसार हिन्दी में अपनी रचनाएँ प्रेषित करें।

1. **विषय-वस्तु:**

(क) रचना की विषय-वस्तु हमारे देश एवं प्रदेशों के सामाजिक नवोन्मेषों, प्रथाओं, रीति रिवाजों, प्रशासनिक अनुभवों, व्यक्तिगत संस्मरणों, राजभाषा के रूप में हिन्दी के कार्यान्वयन की प्रगति, हिन्दी में हो रहे कामकाज का विवरण, संबन्धित कार्यालय विषयक टिप्पणियाँ, तकनीकी / आर्थिक / औदयोगिक / वैज्ञानिक विषयों पर मौलिक लेख, कविताएं, लघु कथा, राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने में हिन्दी की भूमिका, प्रदेश विशेष से प्रकाशित होने वाली राजभाषा संबंधी पत्र पत्रिका में हिन्दी एवं क्षेत्रीय भाषा की साम्यता एवं निकटता दर्शानेवाली सामग्री, राजभाषा के क्षेत्र में प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों का विवरण एवं नामोल्लेख, संस्कृति, पर्यावरण आदि पर आधारित हो सकती है।

**(ख) इसके अतिरिक्त अन्य भारतीय भाषाओं के साहित्य संबंधी (हिन्दी में) अनूदित लेख/कहानी/संस्मरण/कविताएं/यात्रा वृत्तान्त भी प्रेषित किए जा सकते हैं। प्रेषक ऐसी रचनाओं का अनुवाद करते समय ध्यान रखें कि रचना की मूल भावना अक्षुण्ण रहे। पद्य / कविता का अनुवाद करते समय इस तथ्य का विशेष ध्यान रखा जाए। रचना के साथ संलग्न मौलिकता प्रमाणपत्र में इस आशय की सूचना भी हो कि यह रचना ------ भाषा से अनूदित की गई है एवं इसका अनुवाद मूल रचना की प्रमाणित प्रति है।**



File No. हि.अ./ले.एवंहक./37/मु.पत्रा./2023-24 (Computer No. 171225)
Generated from eOffice by SUNNY KUMAR, JRHINTRANS(HINDI)SK, JR TRANSLATOR, PAG-(A&E)-BIHAR on 23/01/2026 04:41 pm

2. **भाषा:** हिन्दी (मंगल फॉन्ट)
3. **फ़ारमैट:** वर्ड फ़ारमैट
4. **पता: (क) ईमेल:** anuragp.cag@cag.gov.in

   **(ख) भौतिक प्रति: भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली - 110010**

5. **रचनाकार का विवरण:** रचनाकार अपनी रचना के साथ निम्न विवरण अवश्य संलग्न करे -

   (क) रचनाकार का पूरा नाम

   (ख) पदनाम व कार्यालय

   (ग) मोबाइल संख्या एवं ईमेल

   (घ) मौलिकता प्रमाणपत्र: यह प्रमाणित किया जाए कि यह रचना पूर्णतः मौलिक एवं अप्रकाशित है एवं इसे अन्यत्र कहीं छपने के लिए प्रेषित नहीं किया गया है।

   (च) बैंक खाता विवरण (सेवा निवृत्त अधिकारी / कर्मचारी के लिए)

6. **प्रकाशन एवं स्वीकृति:**

संपादकीय विभाग को प्राप्त सभी रचनाएँ पत्रिका की संपति मानी जाएंगी। इनके प्रकाशन एवं सम्पादन का अधिकार पूर्णतः पत्रिका के संबंध में मुख्यालय के सक्षम अधिकारी के सुरक्षित रहेंगे और इस संबंध में किसी प्रकार की शिकायत या दावा मान्य नहीं होगा।

**भवदीय,**

16/01/26

**(भवानी शंकर)**

**महानिदेशक (राजभाषा)**



File No. हि.अ./ले.एवंहक./37/मु.पत्रा./2023-24 (Computer No. 171225)
Generated from eOffice by SUNNY KUMAR, JRHINTRANS(HINDI)SK, JR TRANSLATOR, PAG-(A&E)-BIHAR on 23/01/2026 04:41 pm